Seat No. : _______________

MA-I-07

April-2007

Hindi (Principal)

Paper – I

(आधुनिक गद्य)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 100**

सूचना : **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 30

(क) निंदा की ऐसी ही महिमा है । दो-चार निंदकों को एक जगह बैठकर निंदा में निमग्न देखिए और तुलना कीजिए दो-चार ईश्वर-भक्तों से, जो रामधुन लगा रहे हैं । निंदकों की सी एकाग्रता, परस्पर आत्मीयता, निमग्नता भक्तों में दुर्लभ है ।

अथवा

कई बार सच बिल्ली की तरह दुबककर किसी अँधेरे कोने में छिपकर बैठा रहता है । ध्यान से देखें, सोचें, तभी पता चलता है कि सत्य क्या है ।

(ख) चौदह बरस की उमिर में हम गाँव के कुछ लोगों के साथ चित्रकूट गए थे, वहीं एक साधू की संगत में हमारे मन में बैराग उपजा । यह देखकर हमारे बप्पा और काका ने झटपट हमारा ब्याह कर दिया । पहले तो हम दुखी भए पर अब ऐसा लगता है कि अच्छा ही हुआ, घरैतिन मेरे जप-तप को अपने भगती-भाव से बढ़ावा देती है । हम दोनों के लिए घर गिरिस्ती के काम भी भगवान की पूजा के समान ही हैं ।

अथवा

विवाह को मैं सामाजिक समझौता समझता हूँ और उसे तोड़ने का अधिकार न पुरुष को है, न स्त्री को । समझौता करने से पहले आप स्वाधीन हैं, समझौता हो जाने के बाद आपके हाथ कट जाते हैं ।

(ग) पता नहीं, अपने को किस अपेक्षा से इतना तोड़ती-बाँधती आयी है । और अपेक्षाएँ ? .. .. .. जैसे साबुन के बुलबुले-आकर्षक, रंगीन, मोहक; पर क्षणजीवी । उनके पीछे दौड़ने जाकर, अपने भीतर के सच के लिए संघर्ष करते रहने की चुनौती भी जाने कहाँ खो चुकी है !

अथवा

मेरे पास पाणिनि में सिर खपाने का समय नहीं । भाषा ठीक करने से पहले मैं मनुष्यों को ठीक करना चाहता हूँ, समझे !

2. 'चंद्रगुप्त' नाटक के आधार पर प्रसाद की राष्ट्रीय चेतना को स्पष्ट कीजिए । 15

अथवा

पठित कहानियों के आधार पर राजी सेठ की कहानियों के वैशिष्ट्य को समझाइए ।

3. ‘धनिया की तेजस्विता सबसे अधिक प्रभावित करती है ।’ इस कथन को आधार बनाकर धनिया के संघर्षशील व्यक्तित्व को स्पष्ट कीजिए । **15**

अथवा

‘नाटककार बिकासराय के द्वारा सेना और समाज में व्याप्त जातिगत वैमनस्य और संकीर्णता को उघाड़ता है ।’ इस कथन के आलोक में ‘कोर्ट मार्शल’ नाटक का मूल्यांकन कीजिए ।

4. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए : **20**

(क) ‘मानस के हंस’ का अंत **अथवा** तुलसीदास और रत्नावली की प्रथम मुलाकात

(ख) ‘वैष्णव की फिसलन’ का वैष्णव **अथवा** ‘पहला सफेद बाल’ का संदेश

(ग) ‘गोदान’ की मालती **अथवा** ‘अंधे मोड़ से आगे’ कहानी का अंत

(घ) ‘चंद्रगुप्त’ में गीतों का महत्त्व **अथवा** ‘कोर्ट मार्शल’ का रामचंदर

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए : **20**

1. पर्वतेश्वर की हत्या करके कल्याणी क्या करती है ?
2. ‘कोर्ट मार्शल’ के सूबेदार का क्या नाम है ?
3. ‘कोर्ट मार्शल’ का प्रथम मंचन कब हुआ था ?
4. बिकास राय रामचंदर के प्राणों से भी कीमती किस चीज को बचाने की कोशिश करता है ?
5. घटना की रात का ‘पासवर्ड’ क्या था ?
6. गाय को ज़हर कौन देता है ?
7. होरी को गाय कौन देता है ?
8. गोदान में दलित किसके मुँह में हड्डी का टुकड़ा डालते हैं ?
9. गोबर की पत्नी का क्या नाम है ?
10. केप्टन कपूर की आत्महत्या को ‘पोएटिक जस्टिस’ कौन कहता है ?
11. ‘एक तृप्त आदमी’ व्यंग्य निबंध के स्कूल मास्तर का क्या नाम है ?

    (क) श्यामलाल (ख) नंदलाल

    (ग) मटुकलाल (घ) इनमें से कोई नहीं
12. इनमें से कौन सा व्यंग्य परसाईजी का नहीं है ?

    (क) निंदा रस (ख) जीप पर सवार इल्लियाँ

    (ग) दो नाक वाले (घ) सुजलां सुफलां
13. रत्नावली के पिता का क्या नाम है ?

    (क) मेघा भगत (ख) राजा भगत

    (ग) पाठकजी (घ) इनमें से कोई नहीं

14. ‘अनावृत कौन’ कहानी में पति का नाम क्या है ?

(क) प्रसाद (ख) सुरजीत

(ग) प्रकाश (घ) इनमें से कोई नहीं

15. इनमें से कौन सी रचना प्रेमचंद की नहीं है ?

(क) कर्मभूमि (ख) निर्मला

(ग) कंकाल (घ) रंगभूमि

16. आम्भीक के सैनिक किसे बंदी बनाकर ले जाते हैं ?

(क) कल्याणी (ख) कार्नेलिया

(ग) अलका (घ) इनमें से कोई नहीं

17. शकटार किसकी हत्या करता है ?

(क) आम्भीक (ख) सिल्यूकस

(ग) नंद (घ) इनमें से कोई नहीं

18. चंद्रगुप्त को ‘भावी सम्राट’ कौन कहता है ?

(क) चाणक्य (ख) अलका

(ग) सिंहरण (घ) इनमें से कोई नहीं

19. ‘अरुण यह मधुमय देश हमारा’ यह गीत कौन गाता है ?

(क) अलका (ख) सिंहरण

(ग) कार्नेलिया (घ) मालविका

20. इनमें प्रसादजी की कौन सी रचना नहीं है ?

(क) स्कंदगुप्त (ख) ध्रुव स्वामिनी

(ग) सुहाग के नूपुर (घ) जनमेजय का नागयज्ञ